# -:प्रेस नोट:-

**दिनांक- 16.10.2025**

# कार्यालय पुलिस अधीक्षक बांदा

❖ **थाना कोतवाली नगर पुलिस द्वारा अवैध सूखे गांजे के साथ अभियुक्त को किया गया गिरफ्तार। अभियुक्त के कब्जे से 1312 ग्राम अवैध सूखा गांजा बरामद।**

**विवरण**- पुलिस अधीक्षक बांदा श्री पलाश बंसल के निर्देशन में जनपद में अपराध एवं अपराधियों पर नियंत्रण लगाये जाने तथा अवैध मादक पदार्थों के विरुद्ध की जा रही कार्यवाही के क्रम में थाना कोतवाली नगर पुलिस द्वारा अवैध सूखे गांजे के साथ एक अभियुक्त को गिरफ्तार कर लिया गया है। गौरतलब हो कि कल दिनांक 15.10.2025 को देर शाम थाना कोतवाली नगर पुलिस को गश्त एवं चेकिंग के दौरान एक संदिग्ध व्यक्ति के आरटीओ चौराहे के पास खड़े होने की सूचना प्राप्त हुई सूचना पर तत्काल पुलिस द्वारा मौके पर जाकर अभियुक्त को पकड़कर तलाशी ली गई तो उसके कब्जे से अवैध सूखा गांजा बरामद हुआ। अभियुक्त को गिरफ्तार करते हुए थाना कोतवाली नगर में अभियोग पंजीकृत किया गया।

**बरामदगी-**

- 1312 ग्राम अवैध सूखा गांजा

**गिरफ्तार अभियुक्त-**

1. रामबाबू पुत्र घसीटा निवासी पपरेंदा थाना चिल्ला जनपद बांदा।

**पंजीकृत अभियोग-**

- मु0अ0सं0- 800/25 धारा 8/20 एनडीपीएस एक्ट थाना कोतवाली नगर जनपद बांदा।

**गिरफ्तारी करने वाली टीम-**

1. उ0नि0 गजेन्द्र सिंह
2. हे0कां0 इन्द्रपाल